मुख्यालय, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें(उ0प्र0),

कारागार भवन, पुरानी जेल रोड, आनन्द नगर, लखनऊ–226005.

कण्ट्रोल रूम नं0–9454418155, फैक्स नं0– 0522 2306126, ई–मेल एड्रेस hqp.lu-up@gov.in

परिपत्र संख्याः 26 /अध–3(3)/जे0वा0 पद/2(2018)/2019, दिनांक :17 सितम्बर, 2019

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक/प्रभारी अधीक्षक,
आदर्श/केन्द्रीय/जिला/उप कारागार,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिकों की मांग के सम्बन्ध में।

आप अवगत हैं कि प्रदेश की कारागारों के संचालन हेतु जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिकों के 8734 पद सृजित हैं, जिसके सापेक्ष वर्तमान में मात्र 4205 कार्मिक तैनात हैं एवं 4529 पद रिक्त हैं जिन पर भर्ती की कार्यवाही प्रकियाधीन है।

जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिकों की कमी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 1736 होमगार्ड्स एवं 1300 पुलिस कार्मिकों को कारागारों पर ड्यूटी हेतु लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके कम में शासन के निर्देशानुसार कारागारों को आवंटन किया गया है।

अतः आपसे आपेक्षित है कि अपनी कारागार पर तैनात जेल वार्डर, होमगार्ड्स एवं पुलिस कार्मिकों की क्षमता का पूर्ण सदुपयोग कर कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। वर्तमान परिस्थितियों में जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिकों की अतिरिक्त मांग के अनुरूप तैनाती किया जाना सम्भव नहीं है। जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिकों की चयन कार्यवाही पूर्ण होने पर आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप तैनाती की जा सकेगी।

17.09.19

(लव कुमार)
पुलिस उप महानिरीक्षक(मु0),
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश।

पृ0सं0 /अध–3(3)/जे0वा0 पद/2(2018)/2019, तद्दिनांकित

प्रतिलिपि समस्त परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(लव कुमार)
पुलिस उप महानिरीक्षक(मु0),
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश।